प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **नवंबर / November 23, 2021**

माइक्रोफाइनेंस उद्योग साल-दर-साल सपाट संवृद्धि के साथ अपना आधार बनाए हुए है: सिडबी-इक्विफैक्स रिपोर्ट

Microfinance Industry standing its ground with flat Y-o-Y growth: SIDBI-Equifax Report

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और इक्विफैक्स इंडिया के त्रैमासिक प्रकाशन "माइक्रोफाइनेंस पल्स" के दसवें संस्करण से पता चला है कि माइक्रोफाइनेंस उद्योग का बकाया पोर्टफोलियो यथा जून 2021 तक साल-दर-साल आधार पर सपाट रहा है।

The tenth edition of "Microfinance Pulse", a quarterly publication by Small Industries Development Bank of India (SIDBI) and Equifax India revealed that the outstanding portfolio of the Microfinance Industry has been flat on Year-on-Year (Y-o-Y) basis as of June 2021.

माइक्रोफाइनेंस उद्योग का बकाया पोर्टफोलियो यथा जून 2021 तक रु. 2,22,060 करोड़ था। माइक्रोफाइनेंस उद्योग ने अप्रैल-जून 2021 तिमाही के दौरान 25,808 करोड़ रुपये के ऋण का संवितरण किया और मूल्य के हिसाब से 300% एवं मात्रा के हिसाब से 209% की सशक्त वर्ष-दर-वर्ष संवृद्धि दर्ज की है। तथापि, जून 2021 में 1 से 179 दिनों की चुकौतीगत विफलता; मार्च 2021 के 13.59% से बढ़कर 31.44% हो गई। यथा जून 2021 तक पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश 5 शीर्ष राज्य थे। 31,024 करोड़ रुपए के बकाया पोर्टफोलियो के साथ पश्चिम बंगाल सबसे अग्रणी राज्य है। तथापि, पश्चिम बंगाल की 90+ दिन की चुकौतीगत विफलता 5.15% थी, जो 5 शीर्ष राज्यों में सबसे अधिक है और यह उद्योग स्तर पर चुकौतीगत विफलता के 3.01% से भी अधिक है। ऋणों की संख्या और बकाया पोर्टफोलियो की दृष्टि से किए गए उधारकर्ता वितरण विश्लेषण से पता चलता है कि 42% ग्राहकों के पास तीन या अधिक ऋण हैं और केवल 15% उधारकर्ताओं के पास 50,000 रुपए से अधिक का बकाया पोर्टफोलियो है।

The outstanding portfolio of Microfinance Industry was Rs. 2,22,060 crore as of June 2021. Microfinance Industry disbursed loans worth Rs. 25,808 crore during April-June 2021 quarter registering a robust Y-o-Y growth of 300% by value and 209% by volume. However, 1-179 days past due delinquency increased in June 2021 to 31.44% from 13.59% in March 2021. West Bengal, Tamil Nadu, Bihar, Karnataka and Uttar Pradesh were the top 5 states as of June 2021. West Bengal is the leading state with a portfolio outstanding of Rs. 31,024 crore, however, 90+ day delinquency of West Bengal was 5.15%, which is highest among the top 5 states and also higher than the industry 90+ delinquency of 3.01%. The analysis of borrower distribution by number of loans and portfolio

outstanding shows that 42% of the customers have three or more loans and only 15% of the borrowers have portfolio outstanding more than Rs. 50,000.

विमोचन के अवसर पर सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री सिवासुब्रमणियन रमण ने कहा, “अप्रैल-जून 2021 तिमाही के दौरान महामारी की दूसरी लहर के कारण ऋण संवितरण प्रभावित हुआ है। तथापि, यह प्रभाव महामारी की पहली लहर की तुलना में कम गंभीर रहा है, जो माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र के लचीलेपन को दर्शाता है। यद्यपि इस क्षेत्र ने चुनौतियों का सामना किया है तथापि 1 से 29 दिनों के पिछले देय (डीपीडी) के स्तर और 30 से 59 दिनों के (डीपीडी) के स्तर में तेज वृद्धि हुई है, जो पोर्टफोलियो में तनाव के शुरुआती संकेतों की ओर ध्यान खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप डीपीडी स्तरों में एक चिंताजनक समग्र वृद्धि हुई है। आने वाले समय में, ऋणदाताओं को परिसंपत्ति गुणवत्ता में और अधिक गिरावट से बचने के लिए सूक्ष्म वित्त पोर्टफोलियो की सावधानीपूर्वक निगरानी किए जाने की आवश्यकता है।”

On the launch, Shri Sivasubramanian Ramann, Chairman and Managing Director, SIDBI said, “The disbursement during April-June 2021 quarter have been impacted due to second wave of the pandemic. However, the impact has been less severe as compared to first wave of the pandemic, reflecting the resilience of the microfinance sector. Although the sector has withstood the challenges, 1 to 29 Days Past Due (DPD) levels and 30 to 59 (DPD) levels have shown sharp increase, indicating towards initial signs of portfolio stress and resulting in an alarming overall increase in the DPD levels. Going ahead, the lenders need to carefully monitor the microfinance portfolio to avoid further deterioration in asset quality.”

विमोचन के अवसर पर इक्विफैक्स क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्रा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और इक्विफैक्स इंडिया व एमईए के कंट्री लीडर श्री के.एम. नानैया ने कहा, "सिडबी के सहयोग से माइक्रोफाइनेंस पल्स रिपोर्ट का दसवां संस्करण व्यावसायिकों और नीति निर्माताओं के प्रमुख सवालों के समाधान के लिए अत्याधुनिक विश्लेषण प्रदान करता है। इस कठिन वर्ष में भी माइक्रोफाइनेंस उद्योग ने जून 2021 को समाप्त तिमाही में संवितरण में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ साल-दर-साल सपाट संवृद्धि रखकर अपने आधार को बरकरार रखा है। उधारदाताओं में, बैंकों ने 57% की हिस्सेदारी के साथ संवितरण में संवृद्धि की इस आख्यायिका का नेतृत्व किया है।

On the launch, Shri KM Nanaiah, Managing Director, Equifax Credit Information services Pvt. Ltd. and Country Leader, Equifax India and MEA said, “The tenth edition of Microfinance Pulse report in collaboration with SIDBI provides cutting edge analysis to address key questions of practitioners and policymakers. In a tough year, the Microfinance industry stood its ground, by staying flat Y-o-Y with remarkable growth in disbursements in the quarter ending in June 2021. Banks led this disbursement growth story with 57% share across lenders.”

माइक्रोफाइनेंस पल्स का उद्देश्य भारतीय माइक्रोफाइनेंस उद्योग में अधिकतम संवृद्धि हासिल करने वाले शीर्ष राज्यों और शीर्ष ऋण वर्गों में संवितरण से लेकर चुकौतीगत विफलता के रुझानों पर अंतर्दृष्टि

प्रदान करना है। यह रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 12 स्थानीय भाषाओं में प्रकाशित की जा रही है।

Microfinance Pulse aims to provide insights on trends in the Indian Microfinance industry – from disbursements to delinquencies to top growing states and top loan categories. The report is being published in 12 vernacular languages in addition to Hindi and English.

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in

इक्विफैक्स के बारे में: इक्विफैक्स (एनवाईएसई: ईएफएक्स) में हमारा मानना है कि ज्ञान प्रगति को आगे बढ़ाता है। डेटा, विश्लेषण और प्रौद्योगिकी विषयक एक वैश्विक कंपनी के रूप में हम वित्तीय संस्थानों, कंपनियों, नियोक्ताओं और सरकारी एजेंसियों को अधिक आत्मविश्वास के साथ महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद करके वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। अलग-अलग डेटा, एनालिटिक्स और क्लाउड टेक्नोलॉजी का हमारा अनूठा सम्मिश्रण लोगों को आगे बढ़ाने के लिए निर्णयात्मक शक्ति के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। अटलांटा में अवस्थित मुख्यालय और दुनिया भर में 11,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा समर्थित इक्विफैक्स - उत्तरी अमेरिका, मध्य और दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत क्षेत्र में 24 देशों में परिचालनरत है अथवा निवेश करता है। अधिक जानकारी के लिए Equifax.com पर जाएं। मीडिया पूछताछ के लिए mediarelations@equifax.com पर संपर्क करें।

About Equifax: At Equifax (NYSE: EFX), we believe knowledge drives progress. As a global data, analytics, and technology company, we play an essential role in the global economy by helping financial institutions, companies, employers, and government agencies make critical decisions with greater confidence. Our unique blend of differentiated data, analytics, and

cloud technology drives insights to power decisions to move people forward. Headquartered in Atlanta and supported by more than 11,000 employees worldwide, Equifax operates or has investments in 24 countries in North America, Central and South America, Europe, and the Asia Pacific region. For more information, visit Equifax.com. For media inquiries, contact mediarelations@equifax.com